भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **3909**
दिनांक 18 मार्च , 2021 / 27 फाल्गुन, 1942 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

जेवर विमानपत्तन की कनेक्टिविटी

3909. श्री धर्मेन्द्र कश्यप:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार जेवर विमानपत्तन को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से एक विशेष प्रकार की सड़क से जोड़ने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और जेवर विमानपत्तन से किन-किन जिलों को जोड़े जाने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख) : भारत सरकार ने दिनांक 08.05.2018 को उत्तर प्रदेश सरकार को जेवर, नोएडा में नए ग्रीनफ़ील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे की स्थापना हेतु 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान की। सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) योजना के तहत इस हवाईअड्डे के विकास की परियोजना राज्य सरकार द्वारा मैसर्स ज्यूरिख एयरपोर्ट्स इंटरनेशनल को अवार्ड किया गया। प्रस्तावित हवाईअड्डा यमुना एक्सप्रेसवे से 750 मीटर की दूरी पर अवस्थित है, जिसे इंटरचेंज के माध्यम से जोड़ा जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने जेवर हवाईअड्डे को संपर्कता प्रदान करने के निम्न योजनाएं बनाई हैं :-

1. 75 मीटर चौड़ी सड़क के माध्यम से हवाईअड्डे के उत्तरी ओर से संपर्कता;
2. पूर्वी ओर से प्रस्तावित एमआरओ साइट तक सड़क के माध्यम से संपर्क;
3. यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल रोड के बीच इंटरचेंज संपर्क;
4. दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल लिंक के माध्यम से हवाईअड्डे तक संपर्क;

*****